JIFF INDIA

Jaipur International Film Festival

....

प्रेस विज्ञप्ति

जिफ 2012 में नामांकित फिल्मों की सूची जारी

143 फिल्मों का चयन

जयपुर 05 दिसम्बर 2011: जयपुर इन्टरनेरशनल फिल्म फैस्टिवल में नामांकित फिल्मों की प्रथम सूची आज जारी कर दी गई है। समारोह में 143 फिल्मों का चयन किया गया है। इनमें 92 शार्ट 18 डॉक्यूमेन्ट्री 13 एनिमेशन और 20 फिचर फिल्में शामिल हैं। समारोह कार्यालय को 70 देशों से 902 फिल्में प्राप्त हुई है जिनमें से इन फिल्मों का चयन किया गया है। इनमें भारत से 54 और विदेशों से 89 फिल्में शामिल हैं। 20 फीचर फिल्मों में से भारत से 6 विदेशों से 14 फिल्में शामिल हैं। सबसे ज्यादा 25 फिल्मों का चयन अमेरिका से हुआ है। सभी चयनित फिल्मों की सूची संलग्न है।

समारोह अगले वर्ष 27–31 जनवरी तक गोलछा सिनेमा, बिरला ऑडिटोरियम और राजस्थान चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री में आयोजित होगा।

राजस्थान से कुल 35 फिल्में प्राप्त हुई है। इनमें से चयनित फिल्मों की सूची 18 दिसम्बर के आसपास रीलिज की जायेगी। राजस्थान से चयनित फिल्में 'यू टर्न राजस्थान' नाम के पनोरमा में शामिल की जायेगी।

समारोह को विश्वभर के फिल्म मेकर्स का अपार समर्थन हासिल होता जा रहा है। इसका अंदाजा आप प्रथम समारोह से लेकर अब तक की विकास यात्रा से लगा सकते हैं। जिफ 2009 में 8 देशों से 150, जिफ 2010 में 41 देशों से 350, जिफ 2011 में 67 देशों से 650 और इस वर्ष 70 देशों से 902 फिल्में प्राप्त हुई है।

समारोह में कान्स, बर्लिन, टोरन्टो, इफी, ऑस्कर आदि जैसे समारोह में चयनित फिल्में भी प्राप्त हुई है जिनका चयन चौथे जिफ में हुआ है।

कुल चयनित फिल्मों में से 143 फिल्मों का चयन स्क्रिनिंग के लिये किया गया है। ये सभी फिल्में प्रतियोगिता की श्रेणी में शामिल हैं।

इनके अलावा 104 फिल्मों का चयन कम्प्यूटर डेस्कटॉप स्क्रिनिंग के लिए किया गया है। ये सभी फिल्में काफी बेहतर हैं। इससे अधिक से अधिक फिल्म मेकर्स को एक मंच पर आकर डायलॉग करने का अवसर मिल सकेगा। साथ ही अपनी प्रतिभा का परिचय ज्यादा से ज्यादा लोगों, फिल्म मेकर्स के सामने रखने का अवसर मिलेगा।

चयनित फिल्मों में से 10 फिल्में स्टूडेन्ट्स फिल्म मेकर्स की भी है। जिफ यंग फिल्म मेकर्स के साथ–साथ, स्टूडेन्ट फिल्म मेकर्स को भी एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराता है। स्टूडेन्ट्स की चयनित फिल्में 'अपकमिंग स्टार' पनोरमा में रखी गई है।

भारत तथा विदेशों से चयनित शार्ट और डॉक्यूमेन्ट्री फिल्में 'वर्ल्डवुड पनोरमा' में शामिल की जायेगी। इसमें चयनित सभी फिल्में प्रतियोगिता की श्रेणी में आती है।

फिचर फिल्मों को अवार्ड्स की श्रेणी के अनुसार दूसरी लिस्ट में दर्शा के रीलिज किया जावेगा। दूसरी व अंतिम सूची 18 दिसम्बर के आसपास रीलिज की जावेगी।

पिछले वर्ष समारोह में 144 फिल्मों का अंतिम चयन किया गया था।

(जीफ मीडिया रूम)

निदेशक

(हनुरोज)
जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फैस्टिवल
Mob: +91-9+252259601   Ph: +141-6500601